## 9वीं इफको अन्तः इकाई यूनिट सांस्कृतिक महोत्सव – IUCF 2015

दिनांक 19.06.2015

विषयः इफको कोलोनी गुड़गांव में आयोजित IUCF 2015 के अंतिम दिन पर माननीय प्रबंध निदेशक इफको द्वारा पुरस्कार/पारितोषक की घोषणा।

9वें इफको अन्तः इकाई यूनिट सांस्कृतिक महोत्सव – IUCF 2015 का आयोजन, इफको मुख्यालय (HO) एवं MKCO इकाई, नई दिल्ली की मेजबानी में इफको कोलोनी, सैक्टर 17बी गुड़गांव में 28 मई से 4 जून 2015 की समयावधि के दौरान किया गया। इसमें इफको की आंवला, विपणन फील्ड, पारादीप, फूलपुर, कलोल, कांडला, मुख्यालय एवं एमकेसीओ इकाईयों की सात टीमों ने भाग लिया। पहले से निर्धारित क्रम के अनुसार प्रत्येक टीम ने, 28 मई से 3 जून 2015 तक प्रतिदिन अपने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस महोत्सव में कुल 384 प्रतिभागियों ने निम्न सारांश अनुसार भाग लिया।

| महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का विवरण/वर्गीकरण | कलाकारों का विवरण (संख्या) | | | | | डाइरेक्टर, संगीतज्ञ आदि | कुल जोड़ | अनु-संलग्क संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्वयं कर्मचारी | पत्नी/जीवन साथी | पुत्री | पुत्र | कुल प्रतिभागी | | | |
| भाग लेने वाले प्रतिभागी की कुल संख्या | 113 | 41 | 128 | 57 | 339 | 45 | 384 | 1 |
| अंतिम दिन प्रस्तुती करने वाले प्रतिभागी | 25 | 11 | 81 | 32 | 149 | | | 2 |
| अंतिम दिन या अन्य किसी पुरस्कार न पाने वाले प्रतिभागी | 88 | 30 | 47 | 25 | 190 | | | 3 |
| | विभिन्न वर्गों के तहत आने वाले प्रतिभागियों के नाम संबधित इकाई द्वारा अनुसंलग्क 1 व 2 की तुलना करके तय किया जाए। | | | | | | | |

अंतिम दिन, 4 जून 2015 को, कुल 149 प्रतिभागियों ने; पांच न्यायाधीशों के पैनल द्वारा चयनित प्रत्येक इकाई की दो सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियां तथा सभी इकाईयों द्वारा प्रस्तुत नाटको/ SKIT/MIME में से चयनित एक सर्वश्रेष्ठ नाटक व एक सर्वश्रेष्ठ SKIT/MIME का मंचन, हमारे माननीय प्रबंध निदेशक, डा उदयशंकर अवस्थी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में किया। सभी लोगों ने इस रंगारंग कार्यक्रम का रूचीपूर्वक आन्नद उठाया।

अन्त में महोत्सव के समापन समारोह की अगुवाई करते हुए माननीय प्रबंध निदेशक महोदय ने सभी प्रस्तुतियों की खुले दिल से सराहना की तथा संस्था में भाईचारे के प्रतीक कला व कलाकारों को बढावा देने के लिए निम्न तालिका अनुसार प्रतिभागियों और अन्य भागीदारों के लिए पुरस्कार एवं पारितोषकों की घोषणा कीः

## 9वीं इफको अन्तः इकाई यूनिट सांस्कृतिक महोत्सव – IUCF 2015

| क्रम सं. | महोत्सव में भागीदारों की पुरस्कार श्रेणी | प्रत्येक के लिए राशि | पुरस्कार की अवधि | वित्तीय प्रभाव/ टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंतिम दिन प्रस्तुति में 3 सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकारों सहित कुल 113 बच्चे ने प्रस्तुतियां पेश की। | रू 1000/- प्रति माह एवं प्रत्येक बच्चे के लिए ट्युशन फीस | दो वर्ष के लिए | रू 26,40,000 + ट्युशन फीस (110 बच्चे) |
| | **उक्त 3 सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकारों को अलग से पुरस्कृत किया गया- अनुसंलग्क 2 व 3.** | | | |
| 2 | अंतिम दिन प्रस्तुति में 1 सर्वश्रेष्ठ कलाकार सहित कुल 36 कर्मचारी व उनके जीवन साथियों ने प्रस्तुति पेश | रू 10,000/- प्रति प्रतिभागी | एकमुश्त | **रू 3,50,000 (35 लोग)** |
| | **उक्त 1 सर्वश्रेष्ठ कलाकार को अलग से पुरस्कृत किया गया- अनुसंलग्क 2 व 3.** | | | |
| 3 | अंतिम दिन के कार्यक्रम के उद्घोषक श्री तरूण भार्गव एवं कुमारी रीना | रू 5000/- प्रति उद्घोषक | एकमुश्त | **रू 10,000 (02 लोग)** |
| 4a | 190 प्रतिभागी जो न तो अंतिम दिन के पुरस्कार में ओर न ही किसी अन्य पुरस्कार में शामिल हो पाए। (118 कर्मचारी व उनके जीवन साथी तथा 72 बच्चे)- **अनुसंलग्क 2 व 3.** | रू 5000/- प्रति प्रतिभागी | एकमुश्त | **रू 9,50,000/-** (190 प्रतिभागी) |
| 4b | 8 फायरमैन, 6 कमांडो, 61 सुरक्षा गार्ड कुल 75 व्यक्ति- **अनुसंलग्क 4** | रू 1000/- प्रति व्यक्ति | एकमुश्त | रू 75000/- **(75 लोग)** |
| 5 | 23 कार्यक्रम निदेशक (नृत्य, संगीत व नाटक आदि) सभी टीमों के **अनुसंलग्क 5** | रू 3000/- प्रति व्यक्ति | एकमुश्त | रू 69,000/- **(23 लोग)** |
| 6 | 4 कामन पुल सहित सभी टीमों के 26 संगीतकार व सहायक निदेशक आदि- **अनुसंलग्क 5** | रू 2000/- प्रति व्यक्ति | एकमुश्त | रू 52,000/- **(26 लोग)** |
| 7 | 28 सहायक (Supporting) स्टाफ **अनुसंलग्क 6** | रू 500/- प्रति व्यक्ति | एकमुश्त | रू **14,000/- (26 लोग)** |
| 8 | 5 न्यायाधीशों का पैनल | रू 10,000/- प्रति जज | एकमुश्त | रू **50,000/-** |
| **9** | **IUCF 2015** शुभंकर डिजाइनर श्री अजित भट्टाचार्य इफको असम | रू 10,000/-+ गणेश मूर्ति | एकमुश्त | रू **14,100/-** |
| 10 | सुसंस्कृति पुरस्कार<br>पारादीप टीम | चल ट्रॉफी (Running Trophy) के रूप में सरस्वती मूर्ति | एकमुश्त | रू **11,000/-** |

## 9वीं इफको अन्तः इकाई यूनिट सांस्कृतिक महोत्सव – IUCF 2015

| क्रम सं. | भागीदारी श्रेणी | प्रत्येक के लिए राशि | पुरस्कार की अवधि | वित्तीय प्रभाव/ टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|
| **छात्रवृत्तिः जूलाई माह से प्रस्तावित** | | | | |
| 11a | **जजों के पैनल द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ महिला बाल कलाकारः** | | | |
| | 1. कुमारी प्रियाक्षी भट्टाचार्य पुत्री श्री अजित भट्टाचार्य इफको असम, विपणन फील्ड | छात्रवृत्तिः रू 50,000/- एवं किताबों के लिए रू 10,000/-प्रति वर्ष + ट्युशन फीस | स्नातक स्तर की पढ़ाई तक हर साल | रू 60,000 प्रति वर्ष + ट्युशन फीस* |
| | 2 श्रीमती सोनी बाजपेई, फूलपुर इकाई - **क्योकि श्रीमती बाजपेई बाल कलाकार नहीं है, अतः उन्हें जजों के पैनल द्वारा सर्वश्रेष्ठ कलाकार के रूप में घोषित करने के कारण एकमुश्त रू 50000 दिया जाना प्रस्तावित है** | | एकमुश्त | **रू 50,000/-** |
| 11b | **सर्वश्रेष्ठ पुरुष बाल कलाकारः** | | | |
| | 1 विभोर पुत्र श्री अवनीश मिश्रा, मुख्यालय नई दिल्ली<br>2 अमन सक्सेना पुत्र श्री संजीव सक्सेना आंवला | छात्रवृत्तिः रू 50,000/- एवं किताबों के लिए रू 10,000/-प्रति वर्ष + ट्युशन फीस | स्नातक स्तर की पढ़ाई तक हर साल | रू 1,20,000 प्रति वर्ष + ट्युशन फीस* |
| * ट्युशन फीस के रूप में वित्तीय प्रभाव का आंकलन संबंधित इकाई द्वारा पुरस्कृत बाल कलाकार की कक्षा उसके/उसकी स्कुल आदि को देखकर तय होगा।<br>* छात्रवृति की अवधि प्रति वर्ष जूलाई से जून माह के लिए प्रस्तावित है। | | | | |

- **प्रतिभागियों एवं अन्य संबधित आंकड़े संदर्भ हेतु अनुसंलग्क 1 से 6 के रूप में संलग्न हैं।**

महोत्सव समापन कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रबंध निदेशक महोदय, डा उदयशंकर अवस्थी जी ने सबसे पहले कार्यक्रम के जजों का सम्मान किया। उसके बाद आदरणीय अवस्थी जी ने IUCF 2015 शुभंकर के डिजाइनर श्री अजित भट्टाचार्य इफको असम को नकद पुरस्कार राशि, गणेश मूर्ति व शुभंकर की नामित प्रति प्रदान करते हुए आशा प्रकट की कि संस्था में सभी लोग रचनात्मकता को बढावा देगें ताकि हम आने वाले समय की कठिन से कठिनतर होती जा रही चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें।

उन्होने सुसंस्कृति पुरस्कार समिति द्वारा चयनित इकाई के टीम के नाम की घोषणा करते हुए **पारादीप टीम** को सुसंस्कृति पुरस्कार के रूप में सरस्वती मूर्ति की चल ट्राफी प्रदान की।

## 9वीं इफको अन्तः इकाई यूनिट सांस्कृतिक महोत्सव – IUCF 2015

सम्माननीय निर्णायक मण्डल ने IUCF 2015 की सर्वश्रेष्ठ टीम के चयन हेतु लिए गए निर्णय को बंद लिफाफे में IUCF कार्यक्रम संयोजक को सौपा। माननीय डा उदयशंकर अवस्थी जी ने इस लिफाफा को सबके सामने खोलकर सर्वश्रेष्ठ टीम के लिए **फूलपुर इकाई टीम** के नाम की घोषणा की तथा विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की।

अन्त में, माननीय प्रबंध निदेशक महोदय डा उदयशंकर अवस्थी जी ने घोषणा की कि वर्ष 2017 इफको की **५०वीं वर्षगांठ** है, अतः इस वर्ष के विशेष महत्व को ध्यान में रखते हुए अगले यानि दसवें इफको अन्तः इकाई यूनिट सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन, इफको की **मातृ इकाई कलोल में विशेष स्तर पर किया जाएगा।**

उपरोक्त सभी पुरस्कार संबधित इकाईयों द्वारा अपने अपने प्रतिभागियों को 30 जून 2015 तक दिए जाना प्रस्तावित है ।

प्रस्तावना (अनुसंलग्को सहित) स्वीकृती हेतु प्रस्तुत।

(डा. आर. एन. कुण्डू)
संयोजक **IUCF 2015.**

विपणन निदेशक

22.6.15

निदेशक (मानव संसाधन व विधि)

23/6.

प्रबंध निदेशक

29/6/15

SrED(F)

26/6/15

The total financial impact works out to Rs. 50 lakh approx. out of which Rs. 28.15 lakh will be in the year 2015-16. The expenditure shall be considered as revenue expenditure - awards to employees etc. This may be considered for approval.

26/6/2015